NHS Test and Trace

# आपकी चरण-दर-चरण गाइड ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना) के लिए

| चेतावनी | अन्य जांच किटों से घटकों को मिलाएं नहीं |
| --- | --- |

**शुरू करने से पहले यह सम्पूर्ण गाइड ध्यानपूर्वक पढ़ें।**
हो सकता है यह जांच आपके द्वारा पहले प्रयुक्त अन्य जांचों से भिन्न हो।

## केवल नाक जांच




1. दोनों नथुनों को स्वैब करें
2. नमूने को संसाधित करें
3. प्रतीक्षा करें
4. परिणाम
5. रिपोर्ट करें




ये निर्देश केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), उत्पाद कोड: L031-118Y5 से संबंधित हैं।

इस गाइड में यह वर्णन किया गया है कि आप COVID-19 संबंधी अपनी एवं किसी दूसरे व्यक्ति की जांच कैसे करें, तथा NHS को उसके परिणाम कैसे रिपोर्ट करें। वैकल्पिक भाषायी संस्करण, वेल्श समेत, तथा वीडियो निरूपण **gov.uk/covid19-self-test-help** पर उपलब्ध हैं।

# आपको क्या करना चाहिए

## आपकी चरण-दर-चरण गाइड

ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना) COVID-19 का पता लगाने के लिए एक त्वरित जांच है, जिसमें प्रयोक्ता अपनी नाक से अपने स्वैब का नमूना लेते हैं।

यह केवल खुद-जांच करने एवं *इन विट्रो* नैदानिक प्रयोग के लिए है।

अनुदेशों को पढ़ें तथा उन चरणों का सही क्रम में पालन करें।

## आपको खुद-जांच क्यों करनी चाहिए

यह COVID-19 खुद-जांच किट नासिका के स्वैब की जांच है जिससे यह पता चलता है कि कहीं आप संक्रमित तो नहीं हैं। यह आपको बता सकती है कि क्या आपमें वायरस है, भले ही आप में लक्षण न हों। हालाँकि इस बात की जांच करने के लिए कि आपके लिए किस प्रकार की जांच सही रहेगी, आपको राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

## इस पुस्तिका के अंदर


| | |
|---|---|
| आपको क्या करने की जरूरत है | 2 |
| भंडारण तथा मार्गदर्शन | 3 |
| इस जांच के बारे में | 4 |
| अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें | 5 |
| अपनी किट की सामग्री को जांचें | 6 |
| अपनी जांच स्थापित करें | 7 |
| किसी दूसरे की जांच करना | 8 |
| अपना स्वैब नमूना लें | 9 |
| स्वैब के नमूने को संसाधित करें | 10 |
| अपने परिणाम पढ़ें | 12 |
| अपना परिणाम रिपोर्ट करें | 14 |

# भंडारण तथा मार्गदर्शन

| | |
|---|---|
| **चेतावनी** | यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप घटकों को मिश्रित नहीं करते हैं, अपने परीक्षणों को अलग-अलग स्टोर करें। एक जांच प्रकार से तरल दूसरी जांच पर काम नहीं करेगा। |

- यदि आपकी नासिका वेध की हुई है, तो स्वैब करने से पहले वेध को हटा दें।
- यदि आपको स्वैब करते समय नाक से खून बहने का आभास हो, तो कृपया स्वैब करना बंद कर दें। स्वैब का उपयोग नहीं किया जा सकता और आपको फिर से शुरू करने की आवश्यकता होगी।
- उत्पाद प्राकृतिक रबर लेटेक्स से नहीं बनाया गया है। हालांकि ऐसी संभावना है कि परिवहन या हैंडलिंग प्रक्रियाओं के दौरान निशान उत्पन्न हो सकते हैं।
- उस क्षेत्र में खाना, पीना या धूम्रपान न करें जहां नमूने या किट को संभाला जाता है।
- यदि कोई भाग क्षतिग्रस्त हो तो टेस्ट का प्रयोग न करें।
- सभी प्रयुक्त जांच सामग्री को घरेलू कचरे में सुरक्षित रूप से निपटाया जाना चाहिए।
- इस्तेमाल से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह धो लें।
- ऐसे नमूनों का उपयोग करने से बचें जिनमें रक्त हो।
- हाथ तथा दृष्टि संबंधी समस्याओं वाले लोगों को स्वैबिंग एवं जांच प्रक्रिया में सहायता की जरूरत हो सकती है।
- नाक के स्वैब के नमूने को इकट्ठा करने से पहले कम से कम 30 मिनट तक नाक के स्प्रे का इस्तेमाल न करें।

## भंडारण और संभालना

- जांच किट को बच्चों और जानवरों से दूर भंडारण करें।
- जांच किट को 2 - 30 °C के बीच के तापमान पर भंडारित किया जाना चाहिए। फ़्रीज़ न करें।
- सीलबंद पाउच पर छपी समाप्ति तिथि के बाद टेस्ट का प्रयोग न करें।
- जांच तापमान रेंज 15 - 30 °C पर की जानी चाहिए।

**अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं।**
आपकी जांच पूरी हो जाने के बाद, प्रयोग की गई सभी जांच किट सामग्री को अपने सामान्य घरेलू कचरे में डाल दें। निपटान के बाद अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करें।

# इस जांच के बारे में

## यह जांच किसके लिए उचित है



**वयस्क**
**18 वर्ष और उससे अधिक आयु के**
यदि आवश्यकता पड़े तो सहायता के साथ खुद-जांच करें तथा रिपोर्ट करें।



**किशोर**
**12 से 17 वर्ष की आयु के**
किसी वयस्क के निरीक्षण में खुद-जांच करें तथा रिपोर्ट करें। यदि आवश्यक हो तो कोई वयस्क व्यक्ति जांच कर सकता है।



**बच्चे**
किसी वयस्क द्वारा जांच की जानी चाहिए। यदि आप किसी बच्चे की जांच करने में आश्वस्त महसूस नहीं करते, तो यह जांच न करें।

## अगर आपमें COVID-19 के नए लक्षण दिखते हैं

नवीनतम सलाह के लिए **nhs.uk/coronavirus** पर जाएं।

**वर्तमान अनुशंसित जांच की व्यवस्था करें:**
**gov.uk/get-coronavirus-test** पर जाएं या **119** डायल करके ग्राहक संपर्क केंद्र पर कॉल करें। लाइनें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं (लैंडलाइन और मोबाइल से कॉल करने के लिए मुफ्त)।

**यदि आप चिंतित हैं तो सहायता लेने में देरी न करें। अपने सहज-बोध पर यकीन करें।**

**चेतावनी**




**यदि आप अपने लक्षणों के बारे में चिंतित हैं,**
या यदि आपके लक्षण बदतर हो जाते हैं, तो किसी जीपी से संपर्क करें, **111.nhs.uk** पर NHS **111** ऑनलाइन सेवा पर जाएं या किसी से सीधे बात करने के लिए **111** पर कॉल करें।

चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए, तुरंत **999** डायल करें।

# अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें

**आपको आवश्यकता होगी:** कोई टाइमर जैसे कोई घड़ी, दीवार घड़ी अथवा मोबाइल डिवाइस, टिश्यू, सरफेस क्लीनर, हैंड सैनिटाइज़र या साबुन तथा गुनगुना पानी।



1. इस अनुदेश गाइड को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यदि आपको और मदद आवश्यकता पड़े तो ऑनलाइन स्वैब जांच संबंधी वीडियो देखें: **gov.uk/covid19-self-test-help**



2. जांच शुरू करने से तुरंत पहले, जांच किट रखने के लिए किसी समतल सतह को साफ करें तथा उसे सूखा लें।




3. 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।

   यदि आप एक से अधिक जांच कर रहे हों तो प्रत्येक जांच के मध्य उस सतह को साफ करें तथा अपने हाथ पुनः धोएं।

यह निर्देश पुस्तिका केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), L031-118Y5 को संदर्भित करती है

# अपनी किट की सामग्री को जांचें

| चेतावनी | अन्य जांच किटों से घटकों को मिलाएं नहीं |
|---|---|

## आपके जांच बॉक्स में निम्नलिखित होने चाहिए:

| **1x** | **7x** | **7x** | **7x** | **7x** |
|---|---|---|---|---|
| निष्कर्षण बफर ट्यूब होल्डर छिद्र वाला बॉक्स | कचरा बैग | सीलबंद आवरण के अंदर डिस्पोजेबल स्वैब | सीलबंद पैक में जांच कैसेट | निष्कर्षण बफर ट्यूब |
|  |  |  |  |  |

**सलाह**




**अपनी जांच किट के बारे में प्रतिक्रिया दें या नुकसान की रिपोर्ट करें**

यदि आपकी जांच किट का कोई भाग क्षतिग्रस्त या गायब है, तो उस जांच किट का उपयोग न करें। आप अभी भी पैक में मौजूद अन्य जांच किटों का उपयोग कर सकते हैं।

यदि इस जांच किट का उपयोग करके आपको कोई क्षति हुई है या कोई प्रतिक्रिया हुई है, तो कृपया इसकी रिपोर्ट करें। अपनी जांच किट के बारे में प्रतिक्रिया देने के लिए, या रिपोर्ट करने के लिए कि आपको नुकसान पहुँचा है, यहां जाएं: **gov.uk/covid-19-test-feedback**

या **119** पर कॉल करें (मोबाईल तथा लैंडलाइन से मुफ्त)।
लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।
**119**, 200 भाषाओं के साथ-साथ ब्रिटिश सांकेतिक भाषा में भी सहायता प्रदान करते हैं।

# अपनी जांच स्थापित करें

| **महत्त्वपूर्ण** | सीलबंद पैक पर छपी समाप्ति तिथि ( ⌛ ) की जांच करें।<br>समाप्ति तिथि के बाद जांच उपकरण का प्रयोग न करें। |
|---|---|




**4** जांच कैसेट को सीलबंद पैक से बाहर निकालें तथा इसे साफ समतल सतह पर रखें।

**चेतावनी** खोलने के बाद, 30 मिनट के भीतर जांच शुरू करें।




**5** निष्कर्षण बफर ट्यूब को अपने चेहरे से दूर रखते हुए, किसी भी तरल पदार्थ को फैलने से बचाने के लिए ट्यूब पर चिपकी हुई सीलिंग फिल्म को ध्यान से हटाएं।

**चेतावनी** यदि निष्कर्षण बफर ट्यूब में से तरल त्वचा या आंखों में चला जाता है, तो तुरंत धो लें और यदि आवश्यक हो तो चिकित्सा सहायता लें।



**6** बफर की स्पिलिंग से बचने के लिए निष्कर्षण बफर ट्यूब को निष्कर्षण बफर ट्यूब होल्डर में डालें।




**7** सीलबंद रैपर के अंदर डिस्पोजेबल स्वैब ढूंढें और नरम, कपड़े की नोक को पहचानें।
जब आप उपयोग करने के लिए तैयार हों तब ही स्वैब पैकेजिंग को खोलें। स्वैब को धीरे से निकालें।




**8** कपड़े की नोक को न छुएं।

**चेतावनी** स्वैब की नरम, कपड़े की नोक को कभी न छुएं अन्यथा आपको फिर से एक नए स्वैब से शुरुआत करनी होगी।

यह निर्देश पुस्तिका केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), L031-118Y5 को संदर्भित करती है

# किसी दूसरे की जांच करना



## यदि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे की जांच कर रहे हैं

12 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जांच किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए। किसी भी बच्चे अथवा ऐसे व्यक्ति जिसे मदद की आवश्यकता हो, को तैयार करने एवं उसकी जांच करने के लिए मार्गदर्शनों का पालन करें। आप इस पर एक निरूपण वीडियो देख सकते हैं: **gov.uk/covid19-self-test-help**



**यदि आप किसी बच्चे की जांच कर रहे हैं**, तो उन्हें जांच किट दिखाएं तथा उनसे इस बारे में बात करें कि आप क्या करने जा रहे हैं। हो सके तो उन्हें किसी की गोद में बिठाएं अथवा किसी और से उसका हाथ पकड़ने को कहें। बच्चे को किसी टिश्यू में अपनी नाक साफ करने के लिए कहें। टिश्यू को किसी बंद कूड़ेदान में डाल दें, फिर **20 सेकेंड** तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।



**9** स्वैब के कपड़े की नोक को उनके किसी एक नथुने में धीरे से तब तक डालें जब तक आपको कुछ प्रतिरोध महसूस नहीं होता।




**10** नथुने के अंदरूनी ओर रगड़ते हुए स्वैब को 5 बार घुमाएं।

**11** स्वैब निकालें और उसी स्वैब को दूसरे नथुने में डालें। चरण 9 और चरण 10 को दोहराएं।

यह निर्देश पुस्तिका केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), L031-118Y5 को संदर्भित करती है

# अपना स्वैब नमूना लें

| सलाह | बेहतरीन निष्पादन के लिए, नथुनों से स्वैब लेने के बाद यथाशीघ्र डिस्पोज़ेबल स्वैब को निष्कर्षण बफर ट्यूब में रखें। |
|---|---|





अपनी नाक को टिश्यू में साफ करें। टिश्यू को किसी कूड़ेदान में डाल दें, फिर **20 सेकेंड** तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।




**12** स्वैब के पूरे कपड़े की नोक को एक नथुने में डालें। कोमल घुमाव का प्रयोग करके, स्वैब को नथुने के किनारे से 2.5 से.मी. से कम धकेलें।

यह असुविधाजनक लग सकता है। यदि आपको ज्यादा प्रतिरोध अथवा दर्द महसूस हो तो स्वैब को और अंदर ना घुसाएं।




**13** नथुने के अंदरूनी ओर रगड़ते हुए स्वैब को 5 बार घुमाएं।

**14** स्वैब निकालें और उसी स्वैब को दूसरे नथुने में डालें। चरण 12 और चरण 13 को दोहराएं।

# स्वैब के नमूने को संसाधित करें

| **चेतावनी** | जांच को विकसित होने के लिए 30 मिनट से अधिक समय न दें क्योंकि इससे यह परिणाम शून्य हो जाएगा। | 30 मिनट |
|---|---|---|




**15** निष्कर्षण बफर ट्यूब को उठाएं तथा स्वैब के कपड़े की नोक को ट्यूब में रखें, ताकि यह तरल पदार्थ में हो। ट्यूब के चारों ओर 30 सेकंड के लिए घुमाते हुए, निष्कर्षण बफर ट्यूब के किनारे के प्रति नोक को ज़ोर से दबाएं। बेहतरीन निष्पादन के लिए, नथुनों से स्वैब लेने के बाद यथाशीघ्र स्वैब को निष्कर्षण बफर ट्यूब में रखें।




**16** ट्यूब के किनारे को दबाते हुए स्वैब को 5 बार घुमाएं। यह आपके नमूने को द्रव में स्थानांतरित करने के लिए है।



**17** जैसे ही आप इसे हटाएं, तो निष्कर्षण बफर ट्यूब को स्वैब के प्रति पिंच करें। यह सुनिश्चित करें कि आप स्वैब की नर्म नोक से सारा तरल पदार्थ निकाल दें। इस स्वैब को दिए गए कचरा बैग में रख दें।



18 ड्रॉपर टिप को निष्कर्षण बफर ट्यूब पर मजबूती से अटैच करें। ट्यूब के निचले हिस्से को घुमाकर अथवा झटका देकर अच्छी तरह मिलाएं।




19 यह सुनिश्चित करें कि जांच किट किसी साफ एवं समतल सतह पर हो। जांच के दौरान कैसेट को न हिलाएं।




20 निष्कर्षण बफर ट्यूब को धीरे से दबाएं ताकि तरल पदार्थ की 4 बूंदें जांच कैसेट पर सैंपल वेल (S) में रखी जा सकें। यह सुनिश्चित करें कि आप तरल पदार्थ डाल रहे हों तथा कोई हवा का बुलबुला नहीं।
निष्कर्षण बफर ट्यूब को कचरा बैग में रखें।




21 समय जांचें और टाइमर लगाएं। अपना परिणाम पढ़ने से पहले 15 मिनट इंतज़ार करें।
जब टाइमर 15-30 मिनट तक पहुंच जाए तो परिणाम पढ़ें। 30 मिनट के बाद न पढ़ें।

# अपने परिणाम पढ़ें

## यदि आप जांच में पॉज़िटिव आते हैं




**दो लाइनें प्रकट होती हैं।**
एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (**C**) में होनी चाहिए, तथा दूसरी रंगीन लाइन जांच लाइन क्षेत्र (**T**) में होनी चाहिए।




दो लाइनें, जिनमें से एक **C** के आगे तथा दूसरी **T** के आगे, चाहे लाइनें हल्की भी हों, यह दर्शाती हैं कि जांच पॉज़िटिव आई है।

यदि आपका परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो आप अत्यधिक संक्रामक हो सकते हैं।

### आगे क्या करना है:

- घर पर रहने और अन्य लोगों के संपर्क में आने से बचने की सलाह का पालन करें **nhs.uk/stay-at-home**
- अपने परिणाम की रिपोर्ट करें (पृष्ठ 14 देखें और निर्देशों का पालन करें)। परिणाम रिपोर्टिंग सेवा आपको आगे क्या करना है, इस पर नवीनतम मार्गदर्शन देगी।
- यदि आप कर सकते हैं, तो अपने पॉज़िटिव जांच परिणाम के बारे में उन लोगों को बताएं जिनके आप निकट संपर्क में रहे हैं।

### आपके घर के अन्य लोगों को क्या करने की आवश्यकता है:

- जिन लोगों के साथ आप रहते हैं, उन्हें इस बारे में सलाह का पालन करना चाहिए कि कैसे COVID-19 से ग्रस्त होने या उसे फैलाने से बचें: **nhs.uk/stay-at-home**

अपने जांच परिणाम की रिपोर्ट करें

## यदि आपकी जांच नेगेटिव आती है




एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (**C**) में प्रकट होती है। जांच लाइन क्षेत्र (**T**) में कोई भी लाइन प्रकट नहीं होती। यदि आपका परिणाम नेगेटिव आता है, तो इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब जांच की गई थी।

फिर भी, जांच का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको COVID-19 नहीं है। आपको और आपके परिवार को इस बारे में सलाह का पालन करना चाहिए कि कैसे COVID-19 से ग्रस्त होने या उसे फैलाने से बचें: **nhs.uk/stay-at-home**

## शून्य परिणाम




**नेगेटिव और शून्य परिणामों की रिपोर्ट करने से NHS को यह जानने में मदद मिलती है कि कितनी जांचों का उपयोग किया गया है, और क्या जांचों में कोई समस्या है।**

नियंत्रण लाइन (**C**) प्रकट नहीं होती, या सिर्फ एक लाल पट्टी (**T**) दिखाई देती है, इसका मतलब है कि जांच शून्य है।




**यदि आपको एक शून्य परिणाम मिलता है,** तो इसका मतलब है कि यह कहना संभव नहीं है कि जांच के समय आपमें वायरस था या नहीं। यह जांचने के लिए कि क्या आपको कोरोनावायरस है, जल्द से जल्द एक और जांच करें।

पहली जांच की **किसी भी सामग्री का प्रयोग न करें**, तथा जांच प्रक्रिया चरण 1 से आरंभ करें।

**यदि समस्या बनी रहती है,** तो तुरंत इन जांच किट का प्रयोग बंद कर दें। यदि आपके पास कोई दूसरी जांच उपलब्ध नहीं है, तो आप कोई अलग प्रकार की जांच कर सकते हैं:

- **Gov.uk/get-coronavirus-test** पर जाकर
- **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके।
  लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

# अपना परिणाम रिपोर्ट करें

## आपको अपना पॉज़िटिव, नेगेटिव या शून्य परिणाम रिपोर्ट करना चाहिए




सभी जांच परिणामों को दर्ज़ करने से वैज्ञानिकों को किसी भी नए वायरस के प्रकोप का पता लगाने तथा उसके प्रति की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सलाह देने में सहायता मिलती है।

यदि लोग केवल पॉज़िटिव परिणाम की रिपोर्ट करते हैं, तो मामलों का स्तर वास्तव में जितना है, उससे अधिक दिखता है।

इसलिए, चाहे आपका परिणाम **नेगेटिव** अथवा **शून्य** हो, आप यह सुनिश्चित करेंगे कि NHS जानकारी सटीक रहे।

अपना परिणाम रिपोर्ट करने के लिए आपको **QR कोड** या **ID संख्या** की जरूरत होगी।

अपने जांच परिणाम की रिपोर्ट करें

# अपने परिणाम की रिपोर्ट कैसे करें




## ऑनलाइन रिपोर्ट करें (सबसे तेज़)

यदि आप इंगलैंड, वेल्स अथवा उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप **स्कॉटलैंड** में रहते हैं तो यहां देखें:
**covidtest.scot**




## टेलीफोन से रिपोर्ट करें

**119** पर कॉल करें
लाइनें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं, (मोबाइल एवं लैंडलाइन से मुफ्त)

## प्रयुक्त चिन्ह

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | निर्माता | | <*n*> जाँचों के लिए इसमें पर्याप्त हैं | 2°C – 30°C | तापमान की सीमा |
| IVD | *इन विट्रो* डायग्नोस्टिक मेडिकल डिवाइस | | इस तिथि तक प्रयोग करें | | पुनः प्रयोग न करें |
| | प्रयोग के लिए अनुदेशों को पढ़ें | LOT | लॉट संख्या | REF | कैटलॉग संख्या |
| EC REP | यूरोपीय समुदाय में अधिकृत प्रतिनिधि | | निर्माण की तिथि | | सूखा रखें |
| | यदि पैकेज क्षतिग्रस्त है तो इसका प्रयोग न करें | STERILIZE | पुनः जीवाणुरहित न करें | | सूरज की रोशनी से दूर रखें |
| STERILE EO | एथिलीन ऑक्साइड के प्रयोग से जीवाणुरहित किया गया | | पुनर्चक्रण योग्य है | | चेतावनी, कृपया अनुदेशों को पढ़ें |

यह निर्देश पुस्तिका केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), L031-118Y5 को संदर्भित करती है

# आपने अपनी जांच केवल तभी पूरी की है जब आपने अपना परिणाम बताया है



**अपने जांच परिणाम की रिपोर्ट करें**

इस उपकरण की आपूर्ति की अनुमति केवल NHS टेस्ट एंड ट्रेस कार्यक्रम के तहत यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (UKHSA) परिनियोजन के हिस्से के रूप में है।

**Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना)**

***ACON* Biotech (Hangzhou) Co., Ltd.**
No.210 Zhenzhong Road, West Lake District,
Hangzhou, P.R. China (चीन), 310030

वेबसाइट: www.aconbio.com
ईमेल: COVID19selftest@aconlab.com.cn

EC REP
MedNet EC-REP GmbH
Borkstrasse 10
48163 Muenster, Germany (जर्मनी)

CE 0123

**डिस्पोजेबल स्वैब**

**Jiangsu Changfeng Medical Industry Co., Ltd.**
Touqiao Town, Guangling District, Yangzhou
225109, Jiangsu, P.R. China (चीन)

EC REP
Llins Service & Consulting GmbH
Obere Seegasse 34/2, 69124
Heidelberg, Germany (जर्मनी)

CE 0197

**या**

**Jiangsu HanHeng Medical Technology Co., Ltd.**
16-B4, #1 North Qingyang Road, Tianning District,
Changzhou, 213017 Jiangsu P.R. China (चीन)

EC REP
Luxus Lebenswelt GmbH
Kochstr.1, 47877, Willich, Germany (जर्मनी)

CE 0197

संस्करण 1151414701   प्रभावी तिथि 2022-03-22
इस प्रलेख में दी गई सभी सूचनाएं तथा चित्र *ACON* Biotech (Hangzhou) Co., Ltd.
Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना) उत्पाद कोड: L031-118Y5 के अनुसार सही हैं।

यह निर्देश पुस्तिका केवल ACON Flow*flex*™ SARS-CoV-2 एंटीजन रैपिड टेस्ट (खुद-जांच करना), L031-118Y5 को संदर्भित करती है